**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 275**

**18 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**मछलीपट्टनम में जल निकासी परियोजना**

**†*275. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम में आठ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जल निकासी सुविधा प्रदान करने की परियोजना कब प्रस्तावित की गई थी;

(ख) क्या यह सच है कि यह परियोजना अभी भी चल रही है;

(ग) यदि हां, तो इस विलंब के क्या कारण हैं और इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(घ) क्या इस परियोजना की लागत और समय में कोई वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री मनोहर लाल)**

(क) से (घ)**:** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

मछलीपट्टनम में जल निकासी परियोजना के संबंध में दिनांक 18 दिसंबर 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 275 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): जल और स्वच्छता राज्य के विषय हैं तथा जल निकासी का प्रबंधन राज्य सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) / शहरी स्तर पर शहरी विकास प्राधिकरणों के कार्यक्षेत्र में आता है, जो जल निकासी और सीवरेज प्रणाली के रख-रखाव के लिए ज़िम्मेदार हैं। इसके अलावा, संविधान की 12 वीं अनुसूची के अनुसार, शहरी नियोजन, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/ शहरी विकास प्राधिकरणों का कार्य है। भारत सरकार योजनाबद्ध उपायों/परामर्शिकाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। सरकार राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है।

अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम शहर में 11.09 करोड़ रुपये और 7.93 करोड़ रुपये की लागत से दो जल निकासी परियोजनाएं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित की गई थीं। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस जल निकासी परियोजना के लिए राज्य सरकार का प्रशासनिक अनुमोदन 24.05.2017 को दिया गया था। इन परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

| **नाम** | **परियोजना लागत (करोड़ रु.में)** | **भौतिक प्रगति की स्थिति (% में)** | **व्यय (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| वर्षा जल निकासी नेटवर्क का निर्माण कार्य | 11.09 | 90 | 6.81 |
| वर्षा जल निकासी नेटवर्क चरण-II का निर्माण कार्य | 7.93 | 47 | 2.54 |
| कुल | 19.02 | | 9.35 |

राज्य ने सूचित किया है कि उपर्युक्त कार्य का ठेका 04.01.2018 को दिया गया था और अब तक, एजेंसी ने 9.35 करोड़ रुपये का काम पूरा कर लिया है। लक्षित 9.81 किलोमीटर जल निकासी नेटवर्क के कार्य में से 5.68 किलोमीटर का कार्य निष्पादित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने यह भी सूचित किया है कि कार्य में देरी होने के कारणों में मुख्य रूप से कोविड महामारी, कच्चे माल/श्रमिकों की अनुपलब्धता आदि शामिल हैं। धीमी प्रगति के कारण, राज्य सरकार ने ठेका बंद करने का अनुमोदन दे दिया है और मुख्य अभियंता, सार्वजनिक स्वास्थ्य, ताडेपल्ली को शेष कार्यों की निविदा जारी करने की अनुमति दी है। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, परियोजना की लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है।